सेंट मोंटफोर्ट स्कूल वार्षिकोत्सव 2018 –19

बालक का पूर्ण रूपेण सर्वांगीण विकास करना ही शिक्षा का उद्देश्य है। विद्यालय में समय – समय पर अनेक प्रकार के खेल –कूद ,संगीत आदि प्रतियोगिताएँ होती रहती हैं। वार्षिकोत्सव विद्यालय का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। इस अवसर पर प्रत्येक बालक को अपनी कला व प्रतिभा का प्रदर्शन करने का सुअवसर प्राप्त होता है। इसी परिपेक्ष्य में 17 नवंबर 2018 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय के प्रांगण में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे श्री सुनील कुमार तिवारी (ए. आई. जी. रिसर्च तथा पॉलिसी सेल पी. एच. क्यू, भोपाल)।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोविंशियल सुपीरियर ब्रदर जेम्स एक्का (प्रोविंस नई दिल्ली), ब्रदर एलेक्स (प्राचार्य मोंटफोर्ट स्कूल, दिल्ली) का हार्दिक स्वागत किया गया । दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय प्राचार्य ब्रदर मोनाच्चन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट सबके समक्ष प्रस्तुत की। तत्पश्चात् पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। विद्यालय के वार्षिकोत्सव का थीम था **"जिम्मेदारी के साथ अनुशासन स्वतंत्रता "**। छात्रों ने विभिन्न गीतों तथा नृत्यों द्वारा सबके सामने ये साक्ष्य प्रस्तुत किया कि अनुशासन का हमारे जीवन में कितनी अहम् भूमिका है।

छात्र छात्राओं ने बड़ा ही रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया कक्षा नवीं के छात्रों ने ग्रैड़ फिनाले में यह साक्ष्य प्रस्तुत किया कि किस तरह हमारी युवा पीढ़ी अपने मजबूत कंधो पर भारत का भार उठाकर उसे सर्व श्रेष्ठता की ओर ले जाएगी। इस नृत्य ने सबको भाव–विभोर कर दिया था ।

छात्रों ने बखूबी ये दिखाया कि '' अनुशासन का पालन करना कड़वा होता है लेकिन अनुशासन का पालन करने के बाद मिलने वाला फल बहुत मीठा होता है।''

कार्यक्रम के अंत में हेड बॉय मास्टर अर्जुन सरकार तथा हेड गर्ल कु. मनस्वी परिहार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा **सभी अभिवावकों मतदान करने के लिए प्ररित किया गया ।** राष्ट्रगान द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति हुई।